October to December 2022

# Rajasthan Police Academy

## News Letter



## इस अंक में.........

- पुलिस शहीद दिवस पर शहीदों को श्रद्धासुमन
- महानिदेशक पुलिस श्री एम.एल.लाठर को भावभीनी विदाई
- राजस्थान पुलिस के कॉनिस्टेबल रिक्रूट्स बैच संख्या 92 की दीक्षान्त परेड समारोह
- टोगो पुलिस प्रमुख का अकादमी दौरा
- बालकों का यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम 2012 के क्रियान्वयन पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला
- **Driving Simulator** का उद्घाटन



# निदेशक की कलम से...

दक्षिण अफ्रीकी देश टोगो के पुलिस प्रमुख कर्नल याओवी ओकापॉल तथा वरिष्ठ पुलिस आयुक्त एडजोलोर अकाकपो राजस्थान पुलिस अकादमी पधारे। अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान उन्होंनें टोगो पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण के संबंध में अकादमी परिसर, यहां की प्रशिक्षण गतिविधियों तथा प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन किया तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ प्रशिक्षण तथा पुलिस विषयों पर सार्थक चर्चा की।

पुलिस महानिदेशक श्री मोहन लाल लाठर की सेवानिवृत्ति पर उन्हें पूर्ण सम्मान के साथ विदाई दी गई तथा नव नियुक्त पुलिस महानिदेशक श्री उमेश मिश्रा का जोश के साथ स्वागत किया गया। राजस्थान पुलिस में नेतृत्व परिवर्तन के साथ पूर्व नेतृत्व के मार्गदर्शन का अनुसरण करते हुए नवीन जोश के संचार के साथ पुलिस विभाग में नवाचारों तथा विभाग की साख को उत्तरोत्तर बढाने की सतत प्रक्रिया अनवरत जारी है।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में राज्य स्तरीय कार्यशाला दिनांक 20.11.2022 को राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित की गई। इस दौरान राजस्थान पुलिस अकादमी के प्रशिक्षकों तथा प्रशिक्षुओं को इस विषय पर राष्ट्रीय स्तर के वक्ताओं तथा वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों के विचारों से ज्ञानार्जन करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथियों के कर कमलों से राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा समस्त पुलिस थानों पर पदस्थापित बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के लिए तैयार की गई मार्गदर्शिका का विमोचन हुआ।

रिक्रूट कानिस्टेबल बैच संख्या 92 का दीक्षान्त परेड समारोह दिनांक 02.12.2022 को पुलिस महानिदेशक श्री उमेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में परेड तथा अन्य गतिविधियों में राजस्थान पुलिस अकादमी के प्रशिक्षकों तथा प्रशिक्षुओं का उत्साह तथा जोश प्रशंसनीय रहा।

राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा स्कूली विधार्थियों को बालकों के प्रति होने वाले अपराधों के संबंध में कानून की जानकारी, इस विषय पर संवेदनशीलता बढाने तथा पुलिस कार्यप्रणाली को समझाने के लिए एक ''लघु नाटिका'' का मंचन 10 विधालयों में करवाया गया जिसमें लगभग 9000 विधार्थियों ने भाग लिया। इसी के साथ 1500 विधार्थियों को ''पुलिस विधार्थी संवाद'' कार्यक्रम के तहत राजस्थान पुलिस अकादमी का भ्रमण करवाया जाकर उनका पुलिस अधिकारियों के साथ संवाद करवाया गया।

राजस्थान पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में विषय विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त करने की श्रृंखला में राष्ट्रीय न्यायलयिक विज्ञान विश्वविद्यालय गांधीनगर गुजरात का भ्रमण किया।

प्रतिबद्धता तथा कर्मठता के साथ राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा निरन्तर बेहतरी के प्रयास जारी है।

**राजीव शर्मा**
निदेशक

# पुलिस शहीद दिवस पर शहीदों को श्रद्धासुमन



कर्तव्य पालन में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए राजस्थान पुलिस अकादमी के शहीद स्मारक पर दिनांक 21 अक्टूबर 2022 को पुलिस शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में महानिदेशक पुलिस श्री एम.एल.लाठर का सम्मान गार्ड द्वारा अभिवादन किया गया।

कार्यक्रम के उद्बोधन में डीजीपी श्री लाठर ने कहा कि आज पुलिस शहीद दिवस के दिन हम सब उन वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने कर्तव्य पालन करते हुए प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने बताया कि आज से 63 वर्ष पूर्व अक्टूबर 1959 में लद्दाख के दुर्गम क्षेत्रों में भारतीय पुलिस के जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। इन वीरों के बलिदान को याद करने व उनसे प्रेरणा ग्रहण करने के मकसद से देश के हर पुलिस संगठन व संस्थान में पुलिस शहीद दिवस मनाया जाता है।

उन्होंने बताया कि इन वीरों का बलिदान भारतीय पुलिस के कार्यों के उच्चत्तम परंपराओं का प्रतीक है तथा कर्तव्य निष्ठा का अनुपम आदर्श प्रस्तुत करता है। समस्त भारत में अनेक पुलिस अधिकारी दुष्कर परिस्थितियों में राष्ट्र सेवा में अद्यत होते हुए वीरगति प्राप्त करते हैं। आज के दिन गत 1 वर्ष में शहीद हुए पुलिसकर्मियों को हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

महानिदेशक पुलिस द्वारा राजस्थान में गत वर्ष शहीद हुए पुलिसकर्मी कॉन्स्टेबल बिंटू चौधरी, इशाक मोहम्मद कायमखानी एवं महिला कॉन्स्टेबल सुमन भदौरिया के साथ 1 सितम्बर 2021 से 31 अगस्त 2022 तक शहीद हुए देश के सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेश एवं अर्द्धसैनिक बलों के पुलिसकर्मियों के नाम का स्मरण किया। 2000 बैच के आईपीएस अधिकारी सुजीत शंकर के नेतृत्व में एक सम्मान गार्ड ने ''लास्ट पोस्ट'' की धुन बजाई गई। पुलिस आयुक्तालय जयपुर एवं आरएसी चतुर्थ व पांचवी बटालियन की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



सेवानिवृत महानिदेशक पुलिस एसपी श्रीवास्तव, एडीजी प्रशिक्षण सचिन मित्तल, अराजपत्रित पुलिस अधिकारी राजकुमार वशिष्ठ, आइबी के संयुक्त उप निदेशक डी.के शर्मा, एन.आई.ए के एसपी रवि चौधरी , आरपीए निदेशक राजीव शर्मा एवं जयपुर पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किये।

इस अवसर पर महानिदेशक इंटेलिजेंस उमेश मिश्रा महानिदेशक एसीबी बी एल सोनी, महानिदेशक जेल भूपेंद्र दक, अतिरिक्त महानिदेशक सर्वश्री डॉ रविप्रकाश मेहरडा, ए पोनूचामी, सौरभ श्रीवास्तव, गोविंद गुप्ता, सुनील दत्त, मालिनी अग्रवाल, प्रशाखा माथुर, दिनेश एम एन, स्मिता श्रीवास्तव, बिनीता ठाकुर, संजीब नार्जारी, सहित पुलिस अधिकारीगण एवं पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी स्थित चिकित्सालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें राजस्थान पुलिस अकादमी के अधिकारियों, कर्मचारियों व प्रशिक्षणार्थियों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर एडीजी हेमंत प्रियदर्शी द्वारा भी रक्तदान किया गया। महानिदेशक पुलिस श्री लाठर ने रक्तदान शिविर का निरीक्षण कर रक्तदान कर रहे पुलिसकर्मियों की हौसला अफजाई की।



# महानिदेशक पुलिस श्री एम.एल.लाठर को भावभीनी विदाई




दिनांक 3 नवम्बर 2022 को महानिदेशक पुलिस श्री एम.एल. लाठर को सेवानिवृत्ति के अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी में एक भव्य विदाई समारोह में भावभीनी विदाई दी गई।

अतिरिक्त महानिदेशक एवं आरपीए निदेशक श्री राजीव शर्मा ने अपने स्वागत उद्‌बोधन में श्री लाठर का अभिनंदन करते हुए उनके सम्पूर्ण पुलिस कार्यकाल को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने श्री लाठर के सेवाकाल के दौरान मिली उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और उनके भावी सुखद, स्वस्थ और यशस्वी जीवन की कामना की।

श्री लाठर ने शानदार परेड के लिये आरपीए निदेशक एवं उनकी टीम के साथ परेड में शामिल पुलिसकर्मियों की सराहना की। उन्होंने डीजीपी के रूप में विगत 2 वर्षो सहित सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान मिले सहयोग के लिये सभी पुलिस अधिकारियों व जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने साइबर थानों की शुरूआत, पुलिस कर्मियों की पदोन्नति, सिपाहियों को जाँच अधिकारी के रूप में नियुक्त करने, पुलिस थानों में स्वागत कक्ष बनाने, पुलिस कर्मियों के लिए रोडवेज पास की सुविधा, पुलिस कर्मियों के लिए कोविड़ पैकेज, थानाधिकारी के रूप में पुलिस निरीक्षक की तैनाती, मोबाइल इन्वेस्टिगेशन यूनिट सहित किये गए अन्य विशिष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने लंबित प्रकरणों के निस्तारण में देश मे अग्रणी होने व जांच अवधि में रिकॉर्ड कमी लाने के लिये पुलिस कर्मियों को बधाई दी।

राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित सेरेमोनियल परेड़ में जयपुर स्थित चौथी एवं पांचवी बटालियन आरएसी, हाडीरानी महिला बटालियन, पुलिस आयुक्तालय जयपुर, यातायात पुलिस, जयपुर ग्रामीण तथा ईआरटी की टुकड़ियां सेन्ट्रल बैण्ड की मधुर स्वर लहरियों के साथ कदम से कदम मिलाकर श्री लाठर को सलामी दी। परेड कमाण्डर आइपीएस मनीष चौधरी थे।

इस अवसर पर नामित महानिदेशक पुलिस श्री उमेश मिश्रा, श्रीमती सुमन लाठर सहित उनके परिजन, सेवानिवृत्त डीजीपी श्री के एस बेंस सहित राजस्थान पुलिस के अधिकारी गण एवं पुलिस जवान मौजूद रहे।



# राजस्थान पुलिस के कॉनिस्टेबल रिक्रूट्स बैच संख्या 92 की दीक्षान्त परेड समारोह



राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक 02.12.2022 को कॉनिस्टेबल रिक्रूट्स बैच संख्या 92 की दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस श्री उमेश मिश्रा ने दीक्षांत परेड समारोह में शिरकत की। महानिदेशक पुलिस श्री उमेश मिश्रा ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। इस परेड की दीक्षांत परेड समारोह में 112 पुरुष और 64 महिला कांस्टेबल सहित कुल 176 कॉन्स्टेबल शामिल हुए।

दीक्षान्त परेड द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन किया गया। राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को शपथ ग्रहण करवाई एवं कॉनिस्टेबल द्वारा शस्त्र शपथ भी ली गई।

महानिदेशक पुलिस श्री उमेश मिश्रा ने प्रशिक्षणार्थी कॉनिस्टेबल की आकर्षक दीक्षांत परेड की सराहना की एवं प्रशिक्षणार्थियों के साथ ही आरपीए के अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आरक्षी के कार्य व व्यवहार पर आमजन की नजर रहती है अतः आरक्षियों को सदैव उत्तम आचरण के साथ आमजन का



विश्वास अर्जित करने पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं, बच्चों व कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता व उन्हें न्याय उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने नए कॉनिस्टेबल्स से इस प्राथमिकता के अनुरूप आचरण कर राजस्थान पुलिस की गौरवशाली परम्पराओं को आगे बढाने का आव्हान किया। उन्होंने कॉनिस्टेबल्स से कानून की परिधि में रहकर संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप कार्य करने का भी आव्हान किया।

महानिदेशक पुलिस श्री मिश्रा ने परेड कमांडर और सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर कॉनिस्टेबल सुश्री अनिता मीणा को ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने आउटडोर बेस्ट रणवीर सिंह, बेस्ट शूटिंग के लिए कांस्टेबल राजपाल सिंह और बेस्ट इंडोर के लिए सुश्री अनिता को भी ट्रॉफी प्रदान की।



अतिरिक्त महानिदेशक एवं राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए राजस्थान पुलिस अकादमी की विभिन्न उपलब्धियों का विस्तार से विवरण दिया। उन्होंने बताया कि राजस्थान पुलिस अकादमी राजपत्रित वर्ग में वर्ष 2019– 20 में देश की सर्वश्रेष्ठ अकादमी के रूप में चुनी गई और अराजपत्रित वर्ग में भी यह अकादमी देश भर में श्रेष्ठ घोषित हुई है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षणार्थियों में बीटेक, बीएड, बीपीएड, बीसीए सहित विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर व स्नातक योग्यताधारी शामिल हैं। उपमहानिरीक्षक प्रशिक्षण श्री कैलाश जाट ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षणार्थी कॉनिस्टेबल की आकर्षक परेड की सभी दर्शको ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

# टोगो पुलिस प्रमुख का अकादमी दौरा






दक्षिण अफ्रीकी देश टोगो के पुलिस प्रमुख कर्नल याओवी ओकापॉल तथा वरिष्ठ पुलिस आयुक्त एडजोलोर अकाकपो द्वारा दिनांक 21 एवं 22 अक्टूबर को राजस्थान पुलिस अकादमी का दौरा किया। राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा, अतिरिक्त निदेशक श्री नवज्योति गोगोई सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने दोनो अधिकारियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

राजस्थान पुलिस अकादमी के प्रवास के दौरान दोनो अधिकारियों ने राजस्थान पुलिस अकादमी की प्रशिक्षण गतिविधियों तथा प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन किया तथा इण्डोर एवं आउटडोर गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों के साथ संवाद किया तथा उनसे प्रशिक्षण के अनुभवों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

दोनो अधिकारियों के साथ अकादमी के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रशिक्षण तथा पुलिस विषयों पर सार्थक चर्चा की। उप निदेशक एवं प्राचार्य श्री शैलेन्द्र सिंह इन्दोलिया द्वारा राजस्थान पुलिस अकादमी के बारे में एक प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया गया। निदेशक महोदय द्वारा राजस्थान पुलिस अकादमी के विभिन्न प्रकाशनों के बारे में जानकारी दी। दोनो अधिकारियों ने अकादमी में विभिन्न पुलिस विषयों पर शोध कार्य कर रहे शोधार्थियों के साथ भी चर्चा की तथा शोध के संबंध में संवाद किया। निदेशक महोदय द्वारा दोनो अधिकारियों को यादगार के रुप में एक स्मृति चिन्ह भेंट किया।



# बालकों का यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम 2012 के क्रियान्वयन पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला





राजस्थान उच्च न्यायालय की किशोर न्याय समिति, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 20.11.2022 को राजस्थान पुलिस अकादमी में ''बालकों का यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम 2012 के क्रियान्वयन'' पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

राजस्थान उच्च न्यायालय की किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष जस्टिस श्री विजय बिश्नोई, किशोर न्याय समिति सदस्य जस्टिस श्री इन्द्रजीत सिंह, राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमति संगीता बेनीवाल, निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी श्री राजीव शर्मा, यूनिसेफ फील्ड ऑफिस राजस्थान की प्रमुख श्रीमति ईजाबेल बारदेम, आयुक्त एवं संयुक्त सचिव बाल अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार श्रीमति अनुप्रेरणा सिंह के मुख्य आतिथ्य में उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया।



उद्घाटन सत्र में सभी अतिथियों ने बालकों के विरुद्ध हो रहे यौन अपराधों को समाज का सबसे घृणित अपराध बताते हुए इस दिशा में सभी को संवेदनशील होकर कार्य करने का आवहान किया। सभी ने बालकों का यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रभावी क्रियान्वयन में विभिन्न हितधारकों को समन्वयात्मक तरीके करने तथा बच्चों को न्याय प्रदान करने में अपनी भूमिका में प्रतिबद्ध होकर कार्य करने पर बल दिया।

इस कार्यशाला में बालकों का यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम 2012 के अन्तर्गत विशिष्ठ न्यायालयों के न्यायधीशों, विशिष्ठ लोक अभियोजकों, किशोर न्याय बोर्ड तथा बाल कल्याण समिति के अध्यक्षों तथा सदस्यों, बालकों के विरुद्ध होने वाले इस प्रकार के अपराधों कें अनुसंधान से जुडे हुए पुलिस अधिकारियों, विभिन्न हितधारकों, राजस्थान पुलिस अकादमी के प्रशिक्षकों तथा प्रशिक्षुओं सहित लगभग 400 अधिकारियों ने भाग लिया।




इस अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा राज्य के समस्त पुलिस थानों पर पदस्थापित बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों हेतु तैयार की गई मार्गदर्शिका का विमोचन भी पधारे हुए अतिथियों द्वारा किया गया। इस मार्गदर्शिका में बालकों से जुडे हुए कानूनों, प्रक्रियाओं तथा विभिन्न स्तर पर जारी किए गए आदेशों के बारे में जानकारी दी गई है। इस मार्गदर्शिका के लेखन का कार्य राजस्थान पुलिस अकादमी के पुलिस निरीक्षक श्री धीरज वर्मा द्वारा किया गया है।



# Driving Simulator का उद्घाटन






राजस्थान पुलिस अकादमी के प्रशिक्षण के आधारभूत ढांचे में अभिवृद्धि के रुप में दिनांक 21.12. 2022 को राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा ने Driving Simulator का उद्घाटन किया। राजस्थान पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को मोटर वाहन प्रशिक्षण के लिए दो Driving Simulators स्थापित किए गए है। इनका उपयोग मोटर वाहन प्रशिक्षण में दक्षता प्राप्त करने के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर निदेशक महोदय ने विशेष रुप से प्रशिक्षित प्रशिक्षक से सिम्यूलेटर का "Trail Run किया। इस अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी के अतिरिक्त निदेशक श्री नवज्योति गोगोई सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पिंक पावर रन




निम्स युनिवर्सिटी जयपुर द्वारा ब्रेस्ट कैंसर से लडने की जागरूकता के लिए पिंक पावर रन का आयोजन किया गया। इस पिंक पावर मैराथन दौड में राजस्थान पुलिस अकादमी के प्रशिक्षणार्थियो ने भाग लिया। प्रशिक्षणार्थियों ने 2 किलोमीटर, 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर की दौड में भाग लिया। इस दौड में विजेता रहे प्रतिभागियों को चैक प्रदान किये गये।

दिनांक 27.12.2022 को राजस्थान पुलिस अकादमी में Healthcare Global Enterprises Limited HCG Cancer Center Jaipur की ओर से श्री अमित शर्मा मैनेजर कॉपरेटिव सेल्स एण्ड मार्केटिंग ने कैंसर जागरुकता सत्र, कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आर.पी.ए स्टॉफ व प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कैंसर की बीमारी, जांच व इलाज के बारे में चर्चा की गई।

# बीकानेर में रेंज स्तरीय दो दिवसीय बाल सरंक्षण प्रशिक्षण




राजस्थान पुलिस अकादमी और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में Mobile forensics relating to offenses under POCSO Act विषय पद दो दिवसीय रेंज स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बीकानेर रेंज मुख्यालय पर दिनांक 17.11.2022 से 18.11.2022 तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन सत्र श्री योगेश यादव, पुलिस अधीक्षक, बीकानेर एवं श्री अमित बुढानिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बीकानेर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप निरीक्षक से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर तक के पुलिस अधिकारियों तथा बालकल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों तथा विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों सहित 48 अधिकारियों ने भाग लिया। श्री योगेश यादव, पुलिस अधीक्षक, बीकानेर ने इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बच्चों के विरुद्ध हो रहे यौन अपराधों के संबंध में प्रभावी कार्यवाही करने तथा अनुसंधान के दौरान पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्‌वान किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री ओम प्रकाश महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज पधारे। श्रीमान ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान दी गई जानकारियों को आत्मसात करने एवं पुलिस अधिकारियों से नवीनतम कानूनों में दी गई प्रक्रियाओं के अनुरूप संवेदनशील होकर कार्य करने के बारे में बताया एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये।





# आर.पी.एस अधिकारियों का NATIONAL FORENSIC SCIENCES UNIVERSITY का भ्रमण



दिनांक 12.12.2022 से 16.12.2022 तक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत राजस्थान पुलिस के नवनियुक्त 36 आर.पी.एस अधिकारियों को राष्ट्रीय न्यायलयिक विज्ञान विश्वविद्यालय गांधीनगर गुजरात का भ्रमण करवाया गया । यह पांच दिवस का क्रार्यक्रम था।

एन.एफ.एस.यू गांधीनगर गुजरात में प्रशिक्षण के दौरान फोरेन्सिक साइन्स विशेषज्ञों द्वारा दस्तावेज परीक्षण में आधुनिक तकनीकें, नारकोटिक्स ड्रग्स एण्ड साइकोट्रोपिक पदार्थ, डिजिटल साक्ष्यों की खोज और जब्ती, डिजिटल साक्ष्यों की पैकिंग,अग्रेषण और परिवहन, पूछताछ के मनोवैज्ञानिक तरीके, आई.टी अधिनियम 2000 का अवलोकन और 2008 में इसके संशोधन, मल्टी मिडिया फोरेन्सिक, फोरेन्सिक डी.एन.ए, डार्क वेब और क्रिप्टो करेंसी के संबंध में विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों के साथ चर्चा की गई ।क्राइम सीन का अनुसंधान, फिंगर प्रिन्ट, अपराध स्थल प्रबंधन, अपराध स्थल की जांच में डीएनए का महत्व, विभिन्न प्रकार की लाई डिटेक्टर तकनीक–पालीग्राफ से संबंध में प्रशिक्षाणार्थियों से विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की गई। प्रशिक्षाणार्थियों को एन.एफ.एस.यू गांधीनगर गुजरात का भ्रमण करवाया गया।



# स्कूल विद्यार्थियों के लिए बाल संरक्षण पर ''लघु नाटिका'' का मंचन





राजस्थान पुलिस अकादमी और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में बाल संरक्षण के मुद्दों पर स्कूल के विद्यार्थियों में संवेदनशीलता बढाने तथा उन्हें जागरुक करने के उद्देश्य से एक लघु नाटिका तैयार की गई। इस लघु नाटिका में बाल संरक्षण से जुडे प्रमुख कानूनों बाल विवाह संरक्षण अधिनियम, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, बालकों का यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम एवं मानव तस्करी जैसे विषयों को समाहित किया गया है। जयपुर के 10 विधालयों में इन नाटकों का मंचन किया गया जिसमें 5 राजकीय विद्यालय एवं 5 निजी विद्यालय सम्मिलित रहे। इन 10 विद्यालयों के लगभग 9000 विद्यार्थियों को इसके माध्यम से जागरुक किया गया। ''रंग मस्ताना'' संस्थान के कलाकारों द्वारा इन नाटकों का मंचन किया गया। इस हेतु पटकथा राजस्थान पुलिस अकादमी की टीम द्वारा उपलब्ध करवाई गई।

# पुलिस विद्यार्थी संवाद





दिनांक 20.08.2022 को राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा 'पुलिस विद्यार्थी सवांद' क्रार्यक्रम प्रारम्भ किया गया था जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कानूनी रूप से जागरूक एवं सुरक्षित करना, पुलिस प्रशिक्षण, भर्ती, पदों की सम्पूर्ण जानकारी देना है। इसके अन्तर्गत समय समय पर राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों एवम् स्टाफ का भ्रमण कराया गया, जिसमें घोडों की रिसाला, डॉग स्कवायड की विजिट एवम् उनकी विचित्र गतिविधियों का प्रदर्शन करवाया गया साथ ही सेंटर बैंड टीम द्वारा बच्चों के मनोरंजन हेतू संगीत सुनाया गया।

# संगठित अपराधों के अनुसंधान पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक 10–10–2022 से 14–10–2022 तक "Investigation of Organized Crime" विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 33 प्रतिभागियों जिसमें 5 पुलिस निरीक्षक एवं 28 उप निरीक्षकों ने भाग लिया।

कोर्स में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों , विषय विशेषज्ञों ने एन.डी.पी.एस अधिनियम, नशीली दवाओं के अपराध, सिंथेटिक दवाओं के नशे की उभरती प्रवृति, अपराधियों के बरी होने के प्रमुख कारण, हथियारो की तस्करी, संगठित अपराधों के मामलों को सुलजाने और डिजिटल साक्ष्य के संग्रह में फोरेन्सिक साइन्स की भूमिका, विभिन्न आपराधिक गिरोह और उनके तौर तरीके ,अन्तर्राज्य संबंध, संगठित अपराधियों द्वारा डेबिड / क्रेडिट कार्ड स्किमिंग और क्लोनिंग ,धोखाधडी और जागरूकता, जमीन से संबंधित संगठित अपराध जैसे डबल पट्टा, जाली समझौते, मुख्तारनामा, वसीयत, रिकॉर्ड से छेडछाड, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ संगठित अपराध, चिटफण्ड, मनी सर्कुलेशन, मल्टी–लेवल मार्केटिंग फ्रॉड, पी.एम.एल अधिनियम 2002 के बारे में प्रतिभागियों से चर्चा की।

कोर्स के समापन में श्री अशोक गुप्ता डी.आई.जी योजना आधुनिकीकरण एवं कल्याण राजस्थान जयपुर ने प्रतिभागियों से कोर्स से सम्बान्धित चर्चा की एवं चर्चा के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये।



# दीपावली स्नेह मिलन समारोह





दिनांक 27.10.2022 को राजस्थान पुलिस अकादमी में दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन रखा गया जिसमें आर.पी.ए निदेशक श्री राजीव शर्मा व आर.पी.ए का समस्त स्टाफ सम्मिलित हुआ। आर.पी.ए निदेशक ने सभी को दीपावली की शुभकामनाऐं दी।

दिनांक 29.10.22 को RPMFWS ,वं RPA के संयुक्त तत्वाधान में आरपीए पुलिस स्टाफ एवं पुलिस फैमिली मेंबर्स का दीपावली स्नेह मिलन आयोजन, पुलिस कल्याण केंद्र सेवा संकुल आरपीए में मनाया गया, साथ ही श्रीमती सुमन लाठर मेम अध्यक्ष (RPMFWS) का विदाई समारोह आयोजित किया गया।

# सेवानिवृति समारोह





दिनांक 31.12.2022 को श्री दीप सिंह प्लाटून कमाण्डर व श्री गोपाल जोशी पम्प चालक के सेवानिवृति पर राजस्थान पुलिस अकादमी में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। श्री दीप सिंह प्लाटून कमाण्डर व श्री गोपाल जोशी पम्प चालक ने अकादमी में पदस्थापित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारीगण के द्वारा मिले सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा ने दोनो को साफा और माला पहनाकर विदा किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। सेवानिवृति के अवसर पर दोनों को सेवाकाल के दौरान उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों के लिए बधाई दी एवं आगामी जीवन के लिए उन्हें व उनके परिवार जनों को शुभकामनाऐं दी।

विदाई समारोह के इस अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी के वरिष्ठ अधिकारी सहित बडी संख्या में अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# महत्वपूर्ण न्यायिक निर्णय

## नीरज दत्ता बनाम एन.सी.टी (दिल्ली राज्य)

इस प्रकरण में माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष प्रमुख रूप से विचारणीय तथ्य यह था की–

1. क्या भष्ट्राचार निवारण अधिनियम 1988 के अधीन किसी व्यक्ति को प्रत्यक्ष साक्ष्य के अभाव में परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर दोषसिद्व किया जा सकता है ?
2. क्या भष्ट्राचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 13 (1),(डी) के तहत अभियुक्त का अपराध साबित करने के लिए अवैध परितोषण की स्वीकृति प्रर्याप्त है ?

इस संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायधीशों की पीठ ने अवधारित किया कि –

(क) प्रत्येक अन्य अपराध की भांति भष्ट्राचार निवारण अधिनियम 1988 के अधीन अभियुक्त का अपराध प्रत्यक्ष साक्ष्य द्वारा साबित किया जाना आवश्यक है लेकिन जंहा प्रत्यक्ष साक्ष्य उपलब्ध नही हो वंहा अपराध पारिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर साबित किया जा सकता है।

(ख) धारा 7 और 13 (1), (डी) के तहत लोकसेवक द्वारा अपराध किये जाने के तथ्य को स्थापित करने के लिए अभियोजन पक्ष को यह साबित करना होगा कि लोकसेवक द्वारा मांग की गई थी तथा लोकसेवक द्वारा अवैध परितोषण को स्वीकार किया गया । अर्थात अभियोजन का यह दायित्व है कि वह लोकसेवक द्वारा मांग और प्राप्ति दोनो को साबित करे।

(ग) यदि शिकायतकर्ता पक्षद्रोही हो जाता है अथवा उसकी मृत्यु हो जाती है अथवा वह साक्ष्य देने में असमर्थ अथवा अनुपलब्ध पाया जाता है तो अवैध परितोषण की मांग को अन्य साक्ष्य द्वारा साबित किया जा सकता है। यंहा पर अन्य साक्ष्य का तात्पर्य है कि अन्य गवाह के कथनों द्वारा अथवा किसी दस्तावेजी साक्ष्य द्वारा अथवा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों द्वारा।

## कालीचरण बनाम उत्तर प्रदेश

इस प्रकरण में माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष मुख्य विचारणीय प्रश्न यह था कि दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 313 के अधीन अभियुक्त को क्या – क्या स्पष्ट किया जाना आवश्यक है और इस परीक्षा का क्या महत्व है ?

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति संजय किशन कौल और अभय एस. ओका ने इस प्रशन को अवधारित करने में धारा 313 दण्ड प्रक्रिया संहिता की विस्तृत व्याख्या की और स्पष्ट किया की इस परीक्षा का महत्व बहुत अधिक है क्योंकि इस परीक्षा के द्वारा अभियुक्त को प्रथम बार न्यायालय से संवाद करने का अवसर मिलता है। विचारण के दौरान अभियुक्त के विरूद्ध जो भी साक्ष्य आया है उसका स्पष्टीकरण अभियुक्त द्वारा दिया जाना आवश्यक है। धारा 313 के अधीन अभियुक्त की परीक्षा (बयान मुलजिम ) के पूर्व जो भी साक्ष्य अभिलेख पर आया है उसमें अभियुक्त या उसके अधिवक्ता का केवल गवाह से ही संवाद होता है न्यायालय से नही। इस परीक्षा का अत्यधिक महत्व इसलिए भी है कि ताकि वे बाते भी न्यायालय के समक्ष अभिलेख पर आ जाती है जिनके संबंध में न्यायालय अब तक अनभिज्ञ रहा है।

माननीय उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि धारा 313 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अधीन की जाने वाली परीक्षा मात्र औपचारिकता नही है। इस परीक्षा के द्वारा अभियुक्त अपने विरूद्ध प्रकट हुये प्रत्येक साक्ष्य के बारे में परिस्थितियॉ और वास्तविकता प्रकट करता है और इन परिस्थितियों को प्रतिरक्षा के साक्ष्य द्वारा अभियुक्त न्यायालय के समक्ष साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत कर सकता है।

इस प्रकार दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 313 के अधीन की परीक्षा प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्त पर आधारित है जिसका पूर्णत पालन किया जाना आवश्यक है।

# राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

## दिनांक 01.10.2022 से 31.12.2022 तक समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्र.स | प्रशिक्षण कार्यक्रम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | बैसिक कोर्स | 326 |
| 2 | प्रमोशन कैडर कोर्स | 134 |
| 3 | सीसीपीडब्ल्यूसी द्वारा आयोजित कोर्सेज | 93 |
| 4 | विशिष्ठ प्रशिक्षण कार्यक्रम | 641 |
| | कुल | 1194 |

## दिनांक 01.10.2022 से 31.12.2022 तक आयोजित बैसिक कोर्स

| क्र.स | प्रशिक्षण कार्यक्रम | प्रशिक्षण प्रारम्भ की दिनांक | प्रशिक्षण समाप्ति की दिनांक | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | IPS (Prob) Basic Training, Batch-73R.R. 73 (Batch-2020) | 17.10.2022 | 20.10.2022 | 04 |
| 2. | RPS (Prob) Basic Training, Batch-53 | 11.04.2022 | 11.02.2023 | 36 |
| 3. | RPS (Prob) second phase, Batch-49 | 27.06.2022 | 10.11.2022 | 03 |
| 4. | S.I. (Prob.) Basic Training, Batch-48 (Failure) | 22.10.2022 | 25.11.2022 | 41 |
| 5. | S.I. (Prob.) Basic Training, Batch-49 | 28.12.2021 | 20.11.2022 | 04 |
| 6. | Professional Course of Male/Female Constable Recruits (Band) Batch No. 19 | 02.03.2022 | 23.11.2022 | 02 |
| 7. | Basic Course of Male/Female Constable Recruits Batch No. 92 | 31.01.2022 | 09.11.2022 | 176 |
| 8. | Professional Course of Male/Female Constable Recruits (Band) Batch No. 20 | 11.07.2022 | 14.03.2023 | 02 |
| 9. | Basic Course of Male/Female Buglers Constable Batch No. 01 | 18.07.2022 | 10.11.2022 | 19 |
| 10. | ''Induction Course For Customs and CGST Department'' (Inspector) | 19.09.2022 | 23.12.2022 | 39 |
| | | | Total | 326 |

## दिनांक 01.10.2022 से 31.12.2022 तक आयोजित पदोन्नति प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्र.स | प्रशिक्षण कार्यक्रम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | PCC CT to HC Band No. 15 | 02 |
| 2- | PCC HC Band to PC Band Batch No. | 01 |
| 3- | PCC for HC to ASI Batch No. 59 | 55 |
| 4- | PCC for HC to ASI Batch No. 60 | 56 |
| 5- | PCC for ASI to SI Batch No. 55 | 09 |
| 6- | PCC ASI to SI Batch No. 56 | 08 |
| 7- | PCC for SI to CI Batch No. 85 | 01 |
| 8- | PCC SI to Inspector Batch No. 86 | 02 |
| | Totals | 134 |

## दिनांक 01.10.2022 से 31.12.2022 तक आयोजित सीसीपीडब्ल्यूसी स्कीम कोर्सेज

| क्र.स | प्रशिक्षण कार्यक्रम | कोर्स की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | Five-day training Programme on" Cyber Crime Investigation For Police Officers" was organized for Sub -Inspectors to Inspectors | 3 | 65 |
| 2 | "Five-day training Programme "Cyber Crime and Cyber Law Awareness for Prosecutors and Judicial Officers" was organized for Sub -Inspectors to Judicial Officers" | 1 | 28 |
| | **Totals** | | 93 |

# If You Want Peace Work For Justice

## दिनांक 01.10.2022 से 31.12.2022 आयोजित विशिष्ठ प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्र.स | प्रशिक्षण कार्यक्रम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | "Five-day training Programme 'Investigation of Organized Crime" was organized for Sub -Inspectors to Inspectors" | 33 |
| 2 | "One-day training Programme 'Online Training on "Cyber Crime for "Cyber Crime Cell and SIUCAW" was organized for Sub -Inspectors to Inspectors" | 67 |
| 3 | "one-day training Programme "Improvement of Beat Constables on Issues Related to Women and Children" was organized for Constable" | 78 |
| 4 | "Three-day training Programme "Road Sefety Management" was organized for Sub -Inspectors to Inspectors" | 84 |
| 5 | "Three-day training Programme "Investigation of Cases under POCSO Act 2012" was organized for Sub -Inspectors to Inspectors" | 32 |
| 6 | "Two-day training Programme "Range Level Training on Mobile Forensie relating to offences under POCSO Act. and Other Sexual offences" was organized for Constable to to Dysp"" | 48 |
| 7 | " Five -day training Programme "Collection and Preservation of Digital Evidence" was organized for Sub -Inspectors to Dysp" | 19 |
| 8 | Anti Human Trafficking Batch | 69 |
| 9 | Training programme for police officer and other stakeholder on issue related to child protection | 49 |
| 10 | "Five-day training Programme "Road Sefety Management" was organized for Constable to ASI" | 162 |
| | **Total** | 641 |




**Editorial Board**

**Editor in Chief**
Rajeev Sharma, IPS, Director

**Editor**
Dheeraj Verma, Inspector

**Members**
1. Sh. Navajyoti Gogoi, IG
2. Sh. Kailash Chandra, DIG
3. Sh. Shailendra Indoliya, DD
4. Sh. Bhupendra Yadav, AD
5. Sh. Rewant Dan, AD
6. Sh. Saurabh Kothari, AD
7. Sh. Anil Rao, AD
8. Sh. Yogendra Fojdar, AD
9. Smt. Seema Hingonia, AD
10. Smt. Saroj Kumawat, SI

Photograph by : Sagar

**Rajasthan Police Academy**
Nehru Nagar, Jaipur (Rajasthan) India
Ph. : +91-141-2302131, 2303222, Fax : 0141-2301878
E-mail : dirrpa@gmail.com  Web : www.rpa.rajasthan.gov.in

Premier # 0141-2295097